भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टैक्नोलाजी) में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के छात्रों का प्रवेश

882. श्री अजीत जोगी :
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में, प्रतिवर्ष, नियमानुसार कितने प्रतिशत अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के छात्रों को प्रवेश दिया जाना अपेक्षित है और क्या इस बारे में दोषपूर्ण स्थिति को सुधारने के लिए कोई नये कदम उठाये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह संख्या बहुत अपर्याप्त है ; और

(ग) क्या आई० आई० टी० परिषद ने आई० आई० टी० परिषद के अध्यक्ष द्वारा गठित दल की सिफारिशों पर विचार कर लिया है ; यदि हो, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साहो) : (क) और (ख) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में दाखिले के लिए प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति और $7\frac{1}{2}$ प्रतिशत स्थान अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए आरक्षित होते हैं, जिन्हें पर्याप्त समझा जाता है।

(ग) जी, नहीं।

दिल्ली प्रशासन के अधीन शारीरिक शिक्षा और खेलकूद महाविद्यालय

683. श्री अजीत जोगी :
कुमारी सुशील तिरिया :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री 30 नवम्बर, 1988 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 273 के दिए गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली प्रशासन के अधीन गवर्नमेंट को-एजुकेशन मांडल सीनियर सैकेन्डरी स्कूल नं० 1 में लुडलो कास्ल, दिल्ली में चलाया जा रहा शारीरिक शिक्षा और खेलकूद महाविद्यालय वास्तव में कब से कार्य कर रहा है ;

(ख) इस महाविद्यालय के विद्यालय परिसर में कितने भवन और कितने खेल के मैदान उपलब्ध कराये गये हैं ; और

(ग) क्या इस महाविद्यालय को उपलब्ध करायी गई सुविधायें पर्याप्त हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साहो) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Poblems of IA

884. SHRI SURESH PACHOURI : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether it is a fact that for the Indian Airlines the year 1988 was marked by air disasters, forced landings, technical snags, cancellations, delays, bird hits and agitation by pilots ; and

(b) if so, what steps are being taken by the Indian Airlines to avoid recurrence of such things in 1989?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI SHIVRAJ PATIL) : (a) During the year 1988, indian airlines had one major accident, techinical snags, cancellations delays bird hits and agitation by pilots.